# दाखिले में आईआईटी इंदौर दूसरा, मुंबई को पछाड़ा

**इंदौर।** दाखिले के मामले में देश में टॉप इंजीनियरिंग संस्थान माने जाने वाले आईआईटी मुंबई को इंदौर आईआईटी ने पछाड़ दिया है। आईआईटी इंदौर को टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड ने देश में दूसरी रैंक पर रखा है। पहला स्थान आईआईएमसी बेंगलुरु को मिला है। गुरुवार को आईआईटी निदेशक प्रो. प्रदीप माथुर ने रैंकिंग का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि आईआईटी इंदौर का रिसर्च वर्क और अकादमिक स्तर अहम रहा। आईआईटी इंदौर में एक हजार छात्र और 115 शिक्षक हैं। आईआईटी मुंबई तीसरे और आईआईटी रुड़की चौथे स्थान पर रहा। विश्व की टॉप 200 रैंकिंग सूची में इस बार भी देश के किसी संस्थान को जगह नहीं मिल सकी है।

**Nai Dunia, 28th September 2018, Page-2**